International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World

# डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन्
# राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर
(प्रशासनिक भवन : करवड़, नागौर रोड, जोधपुर)

क्रमांकः डॉ.स.रा.रा.आ.वि./गोपनीय/2025/2053 दिनांकः 26.08.2025

**प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक, बाबा नारायणदास आयुर्वेद नर्स/कम्पाउण्डर प्रशिक्षण, नवलगढ**
**प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक, शिवप्यारी आयुर्वेद नर्स/कम्पाउण्डर प्रशिक्षण केन्द्र, नवलगढ**

**विषय :— दिनांक 18.08.2025 को आयोजित परीक्षाओं को निरस्त करते हुए पुनः दिनांक 01.09.2025 (सोमवार) को आयोजित किए जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 18.08.2025 को आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत डी.ए.एन. एण्ड पी. प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों की सैद्धांतिक परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें विश्वविद्यालय के उडनदस्ते (Flying Squad) द्वारा सामुहिक नकल की शिकायत प्रस्तुत की गई थी, जिसके परीक्षणोपरांत निर्देशानुसार, उक्त दिवस को आयोजित की गई परीक्षा विषय क्रमशः औषध द्रव्य परिचय एवं बाल स्वास्थ्य परिचर्या पुनः दिनांक 01.09.2025 को प्रातः 10:00 बजे से 01:00 बजे तक परीक्षा केन्द्र सुबोध पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल, (अंग्रेजी माध्यम) घूमचक्कर, नवलगढ में आयोजित की जानी है।

एतदर्थ, आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त छात्रों को एतद् बाबत सूचित कराना सुनिश्चित करावें। छात्रों को सूचना के अभाव में परीक्षा से वंचित होने वाले छात्रों की समस्त जिम्मेवारी आप स्वयं की होगी, एवं भविष्य में इसके लिए कोई अन्य विकल्प नहीं दिया जावेगा।

26/8/25
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः डॉ.स.रा.रा.आ.वि./गोपनीय/2025/2054-56 दिनांकः 26.08.2025
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—
1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, डॉ.एस.आर.रा.आ.वि.वि., जोधपुर।
2. निजी सहायक, कुलसचिव महोदय, डॉ.एस.आर.रा.आ.वि.वि., जोधपुर।
3. प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक, सुबोध पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) को पत्र प्रेषित कर लेख है कि आपकी पूर्व स्वीकृति के आधार पर दिनांक 01.09.2025 को आयोजित की जाने वाली संबंधी समस्त तैयारियां सुनिश्चित करावें।
4. रक्षित पत्रावली।

26/8/25
परीक्षा नियंत्रक